कार्यालय प्राचार्य

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)

Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/ **Email Id – gskycollege@gmail.com**

गुण्डरदेही, दिनांक – 14-03-2026

// सूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली मुख्य वार्षिक परीक्षा 2026 दिनांक 24-03-2026 से प्रारंभ हो रही है। इस परीक्षा केन्द्र से उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित, स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं पूरक परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in अथवा https://durgnep.ucanapply.com पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने के समय उपयोग की गई आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर मुख्य वार्षिक परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थी दिनांक 23-03-2026 तक अनिवार्य रूप से प्रवेश पत्र में वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष का हस्ताक्षर एवं सील कार्यालय से लगवा लें। इस हेतु नियमित विद्यार्थी सर्वप्रथम ग्रंथालय एवं क्रीड़ा विभाग से अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। अदेय प्रमाण–पत्र का प्रारूप सूचना के साथ संलग्न है। छात्र–छात्राएं महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त आईकार्ड (परिचय पत्र) तथा एक सादे कागज में अदेय प्रमाण–पत्र का प्रारूप स्पष्ट अक्षरों में लिखकर निर्धारित समय में ग्रंथालय एवं क्रीड़ा विभाग में उपस्थित होकर अदेय प्रमाण–पत्र प्राप्त करें।

स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं पूरक परीक्षार्थी इस हेतु परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करते समय महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त शुल्क रसीद के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलत होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

NEW NOTICE_348

//अदेय प्रमाण–पत्र//

प्रमाणित किया जाता है, कि शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.) की कक्षा ....में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा..पिता श्री .... प्रवेश क्रमांक ....रोल नंबर .... मोबाइल नं. .... का महाविद्यालय के नीचे लिखे विभागों में किसी भी प्रकार का देयक शेष नहीं है।

ग्रंथालय ....

क्रीड़ा..